संख्या-12/2740/71-2-14-आर0एम-1/2014

प्रेषक,

ऋषिकेश दुबे,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान,
गोमतीनगर, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 **लखनऊ : दिनांक 10 दिसम्बर, 2014**

विषय- संस्थान के आशुलिपिक संवर्ग के कार्मिकों का वेतन समिति (2008) के 11वें प्रतिवेदन में की गयी संस्तुति के कार्यान्वयन के संबंध में।

महोदय,

वेतन समिति (2008) के नवम प्रतिवेदन भाग-1 में राजकीय विभागों के आशुलिपिक संवर्ग के संबंध में की गयी संस्तुतियों पर शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-2056/दस-54(एम)/2008टी0सी0, दिनांक 08 सितम्बर, 2010 में लिए गये निर्णय तथा वेतन समिति (2008) के चौदहवें प्रतिवेदन में की गयी संस्तुतियों पर राजकीय विभागों के आशुलिपिक संवर्ग के संबंध में की संस्तुतियों पर शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-109/दस-54(एम)/2008टी0सी0, दिनांक 27 फरवरी, 2013 में लिए गये यह निर्णय कि स्वशासी संस्थाओं के सामान्य श्रेणी के पदों पर राजकीय विभागों के सामान्य श्रेणी के पदों के संबंध में वेतन समिति की संस्तुतियों पर लिए गये निर्णयों के अनुसार वेतनमान एवं संवर्गीय ढाँचा लागू किया जाय, के अनुपालन में डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, गोमतीनगर लखनऊ के अशुलिपिक संवर्ग में निम्नानुसार तालिका-1 के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पदनाम के समक्ष स्तम्भ-3 में इंगित वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन, स्तम्भ-4 में इंगित पदों की संख्या तथा स्तम्भ-5 में पदों को भरे जाने की वर्णित व्यवस्था के स्थान पर तालिका-2 के स्तम्भ-2 के अनुसार पदनाम, स्तम्भ-3 व 4 के अनुसार वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन, स्तम्भ-5 के अनुसार पदों की संख्या तथा स्तम्भ-6 के अनुसार पदों को भरे जाने की व्यवस्था दिनांक 27 फरवरी, 2013 से प्रतिस्थापित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

तालिका-1

क्र0	पदनाम	पुनरीक्षित वेतन संरचना में	पदों की संख्या	नियुक्ति/पदोन्नति की प्रक्रिया/अर्हता
1	2	3	4	5
1	स्टेनोग्राफर	वेतन बैण्ड-1, रू0 5200-20200, ग्रेड वेतन रू0 2400/-	2	सीधी भर्ती द्वारा

तालिका-2

क्र0	पदनाम	पुनरीक्षित वेतन संरचना में		पदों की संख्या	नियुक्ति/पदोन्नति की प्रक्रिया/अर्हता
		वेतन बैण्ड	ग्रेड वेतन		
1	2	3	4	5	6
1	आशुलिपिक ग्रेड-2	5200-20200	2800	1	सीधी भर्ती भर्ती हेतु अनिवार्य अर्हता- इण्टरमीडिएट के साथ हिन्दी आशुलिपि में निर्धारित गति

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

					80 शब्द प्रतिमिनट तथा टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट के साथ कम्प्यूटर से संबंधित ज्ञान (डीओईएसीसी सोसाइटी द्वारा संचालित सी0सी0सी0 पाठयक्रम अथवा माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा संचालित कम्प्यूटर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना)
2	वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2	9300-34800	4200	1	इस पद को ज्येष्ठता के आधार पर न्यूनतम 08 वर्ष की संतोषजनक सेवा वाले आशुलिपिक पदधारको से पदोन्नति कर भरा जायेगा।

2- उपर्युक्त संवर्गीय पुनर्गठन के फलस्वरूप उच्च ग्रेड वेतन के सापेक्ष समायोजित होने वाले पदधारको का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-577/दस-59(एम)/2008टी0सी0 दिनांक 29 जून, 2010 सपठित शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-841/दस-59(एम)/2008 दिनांक 24 दिसम्बर, 2008 एवं शासनादेश संख्या- वे0आ0-2-841/दस-59(एम)/2008 दिनांक 24 दिसम्बर, 2009 में वर्णित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।

3- सम्बन्धित सेवानियमावली में यथाअपेक्षित संशोधन यथाशीघ्र कर लिया जायेगा।

4- उक्त शासनादेश वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1 के अशासकीय संख्या- वे0आ0-930/दस-2014, दिनांक 05 दिसम्बर, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(ऋषिकेश दुबे)
अनु सचिव।

संख्या-12/2740(1)/71-2-14-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, लखनऊ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, गोमतीनगर लखनऊ।
5. वित्त ई-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (वेतन आयोग) अनु0-1/वित्त (बजट) अनुभाग-1/2
6. गार्डफाइल।

आज्ञा से

(ऋषिकेश दुबे)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।